<u>भाग -क</u>

प्रश्न 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)

राष्ट्रीय त्योहार उसे कहते हैं जिसे पूरा देश मिलकर मनाता हैहमारे देश में तीन राष्ट्रीय त्योहार मनाए जाते हैं - स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त), गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) और गाँधी जयंती (2 अक्टूबर) झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, सगत सिंह और सरोजिनी नायडू इन सबको हमारा देश आज भी याद करता है। 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ था इसलिए हमारे लिए यह बहुत ही खास दिन होता है । सारा भारत स्वतंत्रता दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाता है। भारत की राजधानी दिल्ली के लालकिले पर भारत के प्रधानमंत्री झंडा फहराते हैं और पूरे देश को अपना संदेश देते हैं। इस दिन सभी जगहों पर अलग-अलग तरह के कार्यक्रम होते हैंविद्यालयों में भी विशेष कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं। इस दिन सरकारी छुट्टी होती हैकुछ लोग इस दिन पतंग भी उड़ाते हैं।

क) गांधी जयंती किस दिन मनाई जाती है ?

(अ) 2 अक्टूबर (ब) 5 दिसंबर (स) 26 जनवरी (द) 15 अगस्त

उत्तर ____

(ख) भारत की राजधानी का क्या नाम है ?

(अ) जयपुर (क) दिल्ली (स) आगरा (द) कानपुर

उत्तर ____

(ग) लालकिले पर कौन झंडा फहराता है 7

(अ) राष्ट्रपति (ब) मुख्यमंत्री (स) प्रधानमंत्री (द) राज्यपाल

उत्तर ____

(घ) हमारे देश में कितने राष्ट्रीय त्योहार मनाए जाते हैं ?

उत्तर ____

(ङ) राष्ट्रीय त्योहार किसे कहते हैं

उत्तर ____

____

प्रश्न 2 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

(क) मुझे अपनी _________ से प्यार है । - शुद्ध वर्तनी से वाक्य की पूर्ति कीजिए ।

(अ) मात्रभूमि (ब) मातृभूमि (स) मात्ररभूमि (द) मातभूमि

(ख) संजू नए-नए पकवानों की _________ करता था। - शुद्ध वर्तनी से वाक्य की पूर्ति कीजिए ।

(अ) फरमाइश (ब) फर्माइश (स) फरमायश (द) फरमारिष

(ग) 'हमें अपने _________ की सहायता करनी चाहिए ।' वाक्य की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से कीजिए ।

(घ) 'पिताजी बाज़ार जा रहे हैं।' - क्रिया का काल लिखिए ।

___

(ङ) 'रमेश को कहना पड़ता है, वह अपने-आप काम नहीं करता।' वाक्य में से सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए ।

___

(च) 'बच्चा' शब्द से भाववाचक संज्ञा शब्द लिखिए –

___

(छ) 'देश' शब्द के लिए उचित विशेषण चुनिए -

(अ) निडर (ब) प्यारा (स) लाल (द) वीर

___

(ज) 'बादल' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

___

(झ) नीचे दिए शब्दों में से भिन्न शब्द चुनकर लिखिए

पृथ्वी, रजनी, धरा, वसुधा – ___

ञ) नीचे दिए गए वाक्यों में से उचित विराम चिह्न के प्रयोग वाला वाक्य छाँटकर दोबारा लिखिए-

(अ) अरे, तुम इतनी जल्दी । आ गए

(ब) अरे तुम, इतनी जल्दी आ गए ।

(स) अरे तुम ! इतनी जल्दी आ गए ?

(ब) अरे ! तुम इतनी जल्दी आ गए ।

___

प्रश्न 3 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए -

(क) भाषा की सबसे छोटी इकाई _________ है । (व्यंजन / वर्ण / संयुक्ताक्षर)

(ख) ह्रस्व स्वर ________ है । (चार / पाँच / सात)

प्रश्न 4 नीचे दिए गए वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए -

(क) ________ नाम मैं जानता हूँ । (आपका / उन्हें / मैं)

(ख) वहाँ _______ कौन खड़ा है ? (किसे / कौन / क्या)

प्रश्न 5 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकिती शब्दों के उचित विलोम लिखिए -

(क) **<u>धनी</u>** व्यक्ति ने __________ व्यक्ति की मदद की ।

(ख) फूलों से **<u>सुगंध</u>** आती है, __________ नहीं ।

(ग) हम हमेशा **<u>सत्य</u>** बोलना चाहिए, ________ नहीं बोलना चाहिए ।

<u>भाग - 'ख</u>

प्रश्न 6 नीचे दिए वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए -

(क) तेनालीरामन ने राजा को सलाह दी ।

____

(ख) लक्ष्मीबाई की वीरता जगत प्रसिद्ध हैं ।

____

प्रश्न 7 कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए -

(क) हम हैं प्रेम के अमर ___________, पढ़-लिखकर _____________ बनेंगे|

(ख) ___________ स्वार्थ से ऊपर उठकर, नित नव __________ कार्य करें ।

प्रश्न 8 उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

(क) _____________ का बच्चा पेड़ से नीचे आ गिरा। (मोर / चिड़िया)

(ख) हर काम की एक ____________ होती है । (सीमा / उपाधि)

प्रश्न 9 नीचे दिए गए वाक्य किसने, किससे कहा ?

(क) "टी.वी. बाहर फेंक देते हैं ।"

____

(ख) पहले तुम प्रतिशा करो कि दिनभर टी.वी. नहीं देखोगे ।"

____

प्रश्न 10 सही मिलान कीजिए -

(क) तूफान से		(अ) अपनाएँगे
(ख) फसल		(ब) भिड़ेंगे
(ग) संघर्षो से		(स) उगाएँगे
(घ) नव जीवन को		(द) टकराएँगे

<u>भाग - 'ग'</u>

प्रश्न 11 निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

(क) शैतानी (ख) धरती (ग) घास

प्रश्न 12 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

(क) 'हिमालय' कविता के अनुसार भारत माँ का मुकुट किसे कहा गया है ?

(ख) 'छोटे भीम ने सिखाया सबक' कहानी के अनुसार संजू बाबा टी.वी. पर क्या देखते रहते थे ?

(ग) 'चिड़िया का बच्चा' कहानी के आधार पर लिखिए कि चारों वकील कहाँ जा रहे थे ?

(घ) 'बुद्धि बड़ी या विद्या' कहानी के अनुसार खिचड़ी पकते समय क्या आवाज़ होने लगी ?

प्रश्न 13 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए-

(क) 'बुद्धि बड़ी या विद्या' कहानी के अनुसार राजा ने विद्वानों को क्या समझाया ? यदि आप राजा की जगह होते, तो क्या करते ?

(ख) 'नई राह' कविता के अनुसार बच्चे देश के लिए क्या-क्या करना चाहते हैं ?

(ग) 'छोटे भीम ने सिखाया सबक' कहानी के अनुसार छोटा भीम संजू से क्यों नाराज़ था ?

<u>भाग 'घ'</u>

प्रश्न 14 नीचे दिए गए संकेत- बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 40-50 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए –

गर्मी का मौसम

संकेत बिंदु - भारत में ऋतुएँ, छात्रों का मन प्रसन्न होना, स्वास्थ्य का ध्यान

अथवा

चिड़ियाघर की सैर

संकेत बिंदु - कब और किसके साथ गए, अलग अलग तरह के पशु-पक्षी, अनुभव